हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 मार्च 2026

04 वार्ड 14 बना जेवी कप 2026 का चैंपियन...




07 अशोकनगर शहर में होली दहन से पहले भक्ति भाव से की गई पूजा





## समाचार संक्षेप

### प्रतिष्ठित सीए परीक्षा में सफल हुए सौमिल सर्राफ, गुना व आरोन में हर्ष का माहौल

**आरोन।** गुना निवासी सौमिल सर्राफ ने देश की प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल गुना बल्कि आरोन में भी हर्ष और उत्साह का वातावरण है।सौमिल सर्राफ, गुना के एडवोकेट सुनील सर्राफ एवं श्रीमती मधु सर्राफ के सुपुत्र हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर समर्पण के बल पर सीए जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों एवं शुभचिंतकों में गर्व की भावना है। सौमिल ने अपनी आर्टिकलशिप इंदौर में पूर्ण की, जहाँ उन्होंने लेखांकन, जीएसटी, आयकर तथा ऑडिट के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव अर्जित किया। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। सौमिल सर्राफ आरोन के प्रतिष्ठित झंडा परिवार के भांजे हैं। उनकी सफलता पर झंडा परिवार सहित आरोन जैन समाज द्वारा भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की जा रही हैं। नगरवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है।



### रामपुर सरपंच को सम्मानित किया गया

**गुना।** उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी सह कृषक कार्यशाला का मानस भवन, गुना में आरोन जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत रामपुर सरपंच श अंजना युवराज शर्मा को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया बता दे कि रामपुर पंचायत के सरपंच द्वारा अपने घर पर गुलाब उगाए गए एवं इस कार्यक्रम में रामपुर सरपंच श्रीमती अंजना युवराज शर्मा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सरपंच ने बताया कि गुलाब उगाए जाने की प्रेरणा उन्हें जिला कलेक्टर किशोर कन्याल एवं डॉ के पी सिंह किरार द्वारा मिली।




### रघुवीर प्रसाद सोनी की 10वीं पुण्यतिथि पर पूजा-अर्चना एवं फल वितरण

**गुना।** स्वर्गीय रघुवीर प्रसाद सोनी की 10वीं पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र विशाल सोनी द्वारा श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।इसके पश्चात गुना के सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। विशाल सोनी ने कहा कि उनके पिता जी की स्मृति में सेवा कार्य करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।कार्यक्रम में डॉ. महेश राजपूत, गोविंद प्रसाद शर्मा, पार्षद सोनू रघुवंशी, गौरव दुबे, सचिन सप्रे, लखन सिलावट, कुलदीप रघुवंशी, अंतो ग्वाल, दुर्गेश शर्मा, गोलू सोनी, नितेश साहू, संस्कार जैन, जय जैन, अंकित साहू सहित समस्त मित्र मंडली उपस्थित रही।सभी ने स्व. रघुवीर प्रसाद सोनी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



### सीएमओ ने की अपील: पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए होली पर्व मनाया

**राघौगढ़।** नगर पालिका राघौगढ़ विजयपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव की सभी राघौगढ़ वासियों से विनम्र अपील पर होली का पावन पर्व पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मनाया गया। होलिका दहन के दौरान जलाऊ लकड़ी का कम से कम उपयोग किया गया पर्यावरण-अनुकूल तरीके अपनाते हुए गोबर से बने गोकाष्ट लकड़ी एवं गोबर से बने उपले का उपयोग किया गया। इस से हमारी संस्कृति और स्वदेशी परंपराओं को भी बढ़ावा दिया गया।



## 18 अभिषेक महापूजन और मणिभद्र हवन के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन

### चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में वार्षिक ध्वजा महोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना






मठकरी कॉलोनी स्थित श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में वार्षिक ध्वजारोहण महोत्सव हर्षोल्लास और धार्मिक आस्था के वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष फाल्गुन माह की तेरस को मंदिर शिखर पर विराजित धर्म ध्वजा को विधि-विधान के साथ बदला जाता है, जिसका जैन धर्म में विशेष महत्व बताया गया है।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम दिवस 18 अभिषेक महापूजन के साथ हुआ। औषधि युक्त पवित्र जल से मंदिर में स्थापित सभी प्रतिमाओं का अभिषेक एवं शुद्धिकरण किया गया। इस पुण्य अवसर का लाभ श्री पवनकुमार जैन एवं उनके परिवार ने प्राप्त किया।ध्वजारोहण की पूर्व संध्या पर भक्ति संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें इंदौर से पधारे विख्यात भजन गायक गौतम भंडारी ने देर रात तक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। ध्वजारोहण से पूर्व प्रातःकाल भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा में सबसे आगे ध्वज लेकर लाभार्थी परिवार अशोक कुमार, कपिल कुमार एवं आशीष कुमार बाठिया परिवार चल रहा था। सत्तर भेदी पूजन एवं मंगलाचार के साथ श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर शिखर पर नई ध्वजा फहराई गई।दोपहर में मणिभद्र हवन के साथ दो दिवसीय धार्मिक आयोजन का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में गुना श्रीसंघ के साथ राघौगढ़, कुंभराज, अशोकनगर, पेची और बीनागंज से भी बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### शहर सहित अंचल भर में सैकड़ों स्थान पर आयोजन हुए

# होलिका दहन, चंद्रग्रहण के चलते 4 को खेला जाएगा रंग, गुलाल

### पर्यावरण बचाने होलिका दहन में गोबर से बने कंडों को दिया बढ़ावा







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर सहित अंचल में होली महोत्सव भव्यता एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र की बस्तियों में करीब 250 प्रमुख स्थानों पर होलिका दहन एवं पूजन किया गया । इनमें अधिकांश स्थानों पर लकड़ी एवं कंडे की होली जलाई गई। अंचल के एक हजार गांवों में होलिका दहन हुआ है। जिले के गुना शहरी क्षेत्र सहित बमोरी, चांचौड़ा, कंभराज, राघौगढ़, आरोन, मधुसूदनगढ़, आदि विकासखंड मुख्यालयों पर करीब एक हजार स्थानों पर होलिका दहन हुआ। जबकि जिले के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों के गांवों में पांच हजार से अधिक स्थानों पर होलिका पूजन एवं दहन किया है।

शहर में सोमवार को होलिका दहन का पर्व पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमियों एवं सामाजिक संगठनों ने नागरिकों से पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने की अपील की थी।

होलिका दहन के दौरान लकड़ी का कम से कम उपयोग करते होलिका दहन में गोबर (गोकास्ट) से बने उपलों के उपयोग को बढ़ावा दिया गया। वहीं नागरिकों से आह्वान किया गया है कि सभी मिलकर स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित गुना शहर के निर्माण में योगदान दें तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं। जिम्मेदार नागरिक बनकर ऐसी होली मनाएं जो प्रकृति, स्वास्थ्य और आने वाली पीढ़ियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो।

इस वर्ष होली दिन चंद्र ग्रहण का विशेष संयोग बन रहा है, जिससे धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होली का पर्व 3 मार्च को न मनाते हुए 4 मार्च को मनाया जाएगा। इसलिए लोग 4 मार्च को होली का पर्व मनाते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाएंगे।

### भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा का होली मिलन समारोह संपन्न, राधाकृष्ण की आकर्षक झांकी सजी

गुना। भारत विकास परिषद की अहिल्या शाखा द्वारा 1 मार्च 2026 को विराज किचन में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष इंदु सोनी ने मां सरस्वती एवं अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।समारोह में राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई तथा सदस्यों ने उत्साहपूर्वक होली का पर्व मनाया। कार्यक्रम की व्यवस्था सचिव नीरज अवस्थी एवं खेलों का संचालन कोषाध्यक्ष सरिता ग्रोवर द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में शाखा सदस्य उपस्थित रहे।



### सेवा और सदभाव के साथ होली मिलन एवं सेवा उत्सव 2026 मनाया गया

गुना । होली के पावन अवसर पर ग्राफिक्स इंस्टीट्यूट द्वारा "होली मिलन एवं सेवा उत्सव 2026" का आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय, सोजना चक में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की थीम रही — "रंगों के साथ सेवा का संकल्प"।मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और समरसता का संदेश देने का पर्व है तथा सेवा कार्यों को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता विकास जैन "नखराली" ने भी विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएँ देते हुए पर्व के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों ने अबीर-गुलाल लगाकर उत्साहपूर्वक होली खेली।




### खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई जारी, 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए छापामार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में रविवार को गुना क्षेत्र के भ्रमण के दौरान अवैध परिवहन की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खनिज विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन को जब्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया।इसी प्रकार सोमवार को रुठियाई क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से मुरम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर उसे जब्त कर थाना रुठियाई में खड़ा कराया गया है। संबंधित वाहनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्थापना के 21 वर्ष के उपलक्ष्य में मीनाक्षी हॉस्पिटल में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

#### शिविर में उपचार के अलावा निशुल्क एक्स रे और जांचों का उठाया मरीजों ने लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मीनाक्षी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर दलवी कॉलोनी गुना द्वारा अपने स्थापना के 21 वर्ष के उपलक्ष्य में मीनाक्षी मिशन के तहत 2 मार्च सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है ।शिविर का शुभांरभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमेर सिंह गढ़ा द्वारा किया गया।इस मौके पर शिविर में कई वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों इनमें डॉ. वी.एस कुशवाह नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ एस. के श्रीवास्तव नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. बी. एल कुशवाह जर्नल सर्जन, डॉ. अनमोल बाधवानी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. कमल मीना हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. नवनीत सिंह कुशवाह दन्त रोग विशेषज्ञ एवं अस्पताल के संचालक स्वयं डॉ. डी.एस. कुशवाह अस्थि रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दीं । एक सैकड़ा से अधिक मरीजों को निशुल्क उपचार प्रदान किया गया इसके अलावा शिविर में एक्स-रे, जांचे पूर्ण रूप से फ्री रहे। यह शिविर मीनाक्षी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर दलवी कॉलोनी गुना में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चला। मरीजों के परिजनों को ठहरने के लिए भी टेंट लगाकर उत्तम व्यवस्था की गई थी।





### पूरे परिवार को खत्म करने के लिए खाने और पानी में मिलाया जहर

#### ग्रामीणों ने एसपी ऑफिस का घेराव कर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के राघौगढ़ तहसील अंतर्गत विजयपुर थाना क्षेत्र के डोंगर गांव में रंजिश के चलते एक पूरे परिवार को मारने के उद्देश्य से आरोपियों ने घर के सूनेपन का फायदा उठाकर खाने-पीने की वस्तुओं और मटकों के पानी में जहरीला कीटनाशक (सल्फास) मिला दिया था। इस गंभीर मामले में सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण और पीड़ित परिवार के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी अंकित सोनी को ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। फरियादी केदार सिंह धाकड़ ने बताया कि बीती 25 फरवरी को उनका पूरा परिवार रूठियाई में एक शादी समारोह में गया था। इसी दौरान गांव के ही रमेश धाकड़, विजय धाकड़ और मनोज धाकड़ ने घर की रेकी की और दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया। आरोपियों ने रसोई में रखे आटा, शक्कर, राशन और पीने के पानी के मटकों में कीटनाशक दवा मिला दी। इतना ही नहीं, मवेशियों को मारने की नीयत से उनके भूसे और पानी में भी जहर डाल दिया गया। घटना की पुष्टि तब हुई जब रात को वापस लौटे परिवार की महिला ममता बाई ने मटके से पानी पिया और उसकी तबीयत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उन्हें गुना के निजी अस्पताल और बाद में जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जहां डॉक्टरों ने पानी में जहर होने की पुष्टि की। पीड़ित परिवार के अनुसार, आरोपियों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। कुछ समय पूर्व आरोपियों की लापरवाही से हुई एक सडक़ दुर्घटना में केदार के मामा के बेटे की मौत हो गई थी, जिसका क्लेम केस जिला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपियों ने पूरे परिवार को खत्म करने की योजना बनाई थी। हालांकि विजयपुर पुलिस ने एक आरोपी रमेश धाकड़ को हिरासत में लिया है और घर के सैंपल सील किए हैं, लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है। एसपी अंकित सोनी ने ग्रामीणों की बात सुनकर मामले की निष्पक्ष जांच और फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।



### मेहनत की कमाई और हजारों का माल हुआ स्वाहा, पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है

# पुरानी गल्ला मंडी में भीषण आगजनी, दो गुमठियां जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर की पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में सोमवार सुबह भीषण आगजनी की घटना सामने आई है, जिसमें बांस से निर्मित सामग्री बेचने वाली दो गुमठियाँ पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं।

आग इतनी जबरदस्त थी कि दुकान में रखा सारा सामान, जिसमें सूफ, डलिया और झाड़ू सहित अन्य कीमती सामग्री शामिल थी, देखते ही देखते राख में तब्दील हो गई। बूढ़े बालाजी निवासी पीड़ित दुकानदार अंकित वंशकार ने बताया कि वे पिछले डेढ़ दशक से यहाँ दुकान लगा रहे हैं। रविवार को ही उन्होंने करीब 40 हजार रुपये का नया माल खरीदा था, जो इस आग की भेंट चढ़ गया। अंकित के अनुसार, उनकी दुकान में लगभग 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है, वहीं उनके पास स्थित एक अन्य गुमटी में भी आग लगी है, जिससे पड़ोसी दुकानदार का भी 10 से 20 हजार रुपये का माल जल गया है।दुकानदार ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात शरारती तत्व ने जानबूझकर आग लगाई है। घटना की जानकारी तब मिली जब पास के एक अन्य दुकानदार ने फोन कर उन्हें सूचना दी। पीड़ित पिता-पुत्र जब तक मौके पर पहुँचे, तब तक सब कुछ जल चुका था। गनीमत यह रही कि आग सुबह के समय लगी, यदि यह घटना रात के सन्नाटे में होती तो आग आसपास की अन्य गुमटियों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना किया है और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है

### आबकारी और पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई 1.35 लाख की अवैध मदिरा और लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट एवं एसडीओपी तथा तहसीलदार चांचौड़ा के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त चांचौड़ा के प्रभारी एल. आर. करोसिया एवं टी.आई. चांचौड़ा मय बल के ग्राम भानपुरा में तडक़े दबिश दी गयी। दबिश के दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)र, स्न व 34(2) के तहत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्रवाई में 300 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 500 कि.ग्रा. गुड़ लाहन जब्त किया, लाने की असमर्थता के कारण सेंपल लेकर शेष लहान मौक़े पर ही नष्ट किया गया, जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य 1.35 लाख रुपये है। कार्रवाई में चांचौड़ा पुलिस के साथ आबकारी आरक्षक दिनेश कुमार राठौर महिला आरक्षक जेम्मा एक्का व होमगार्ड सैनिक महेश पिल्लई की भूमिका सराहनीय रही। आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्रवाई में सजगता दिखा रहा है

### खैराई में जुआ खेलते 6 रंगे हाथ गिरफ्तार

**गुना ।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैराई में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 6 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बीट प्रभारी प्रधान आरक्षक दीपक त्रिपाठी और उनकी टीम द्वारा सुनगयाई रोड पर स्थित एक मोबाइल टावर के पीछे अंजाम दी गई। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से तखत सिंह, महेंद्र, शैतान सिंह, प्रहलाद, वीर सिंह और श्रीकिशन सभी निवासी ग्राम खैराई को ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 5100 रुपये नकद और ताश की गड्डी जब्त की है। पकड़े गए सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान नंबरिंग का कार्य जारी



**राघौगढ़।** जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान नंबरिंग का कार्य जारी है। आगामी भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में 28 फरवरी से मकान नंबरिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्य जनगणना प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है, जिसके माध्यम से प्रत्येक भवन और परिवार की सटीक पहचान सुनिश्चित की जाएगी। यह प्रक्रिया शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, संसाधनों के समुचित वितरण तथा भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधारभूत डेटा उपलब्ध कराने में सहायक होगी। जिसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के स्वयं मकान पर नंबरिंग की।निर्धारित तिथि से गणना कर्मी (प्रगणक) घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं भवन पर एक विशिष्ट पहचान संख्या अंकित करेंगे। यह संख्या जनगणना अभिलेखों में दर्ज की जाएगी, जिससे संबंधित परिवार की पहचान सुनिश्चित हो सके।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि जब प्रगणक उनके घर पहुंचें, तब वे आवश्यक एवं सही जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही, मकान की दीवार या दरवाजे पर अंकित की गई संख्या को सुरक्षित रखें। मकान पर लिखे गए नंबर को किसी भी स्थिति में मिटाएं, पुताई से ढकें या क्षतिग्रस्त न करें। यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की है, ताकि जनगणना कार्य सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर आरिफ खान एवं वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रही।

### अल्प प्रवास पर आए प्रदेश पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत



**चाचौड़ा।** गुना जिले में अल्प प्रवास पर आए मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह का बीनागंज के बन्धन होटल में संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। श्री सिंह ने गुना जिले में चल रही संघ की गतिविधियों की जानकारी ली और संतोष व्यक्त किया!इस दौरान उनके साथ भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, करुणाधाम भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविन्द और स्थानीय पार्षद आशीष खंडेलवाल मौजूद थे। उनका भी मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा अंगवस्त्र व साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया! स्वागत करने वालों में जय प्रकाश शर्मा, मोहनप्रसाद पालीवाल, अभिषेक मीना आदि सम्मिलित रहें।

# वार्ड 14 बना जेवी कप 2026 का चैंपियन, सर्विस 16 रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन






आरोन में युवा आदर्श एकता मंच के तत्वाधान में स्वर्गीय रानी मां आशा सिंह जी की पुण्य स्मृति में आयोजित जेवी कप 2026 का भव्य फाइनल मुकाबला स्वर्गीय राजा बलभद्र सिंह स्टेडियम में खेला गया।

रोमांच और उत्साह से भरपूर इस मुकाबले में वार्ड 14 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्विस 16 को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।कार्यक्रम के संरक्षक एवं क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।

उनके साथ पूर्व जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलला यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी, वर्तमान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, राघौगढ़ जनपद अध्यक्ष चंद्रमोहन मीना सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।संस्था की आदर्श रानी मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।मुकाबले का रोमांचटॉस जीतकर सर्विस 16 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 100 रनों का लक्ष्य खड़ा किया।

जवाब में वार्ड 14 ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर के भीतर ही लक्ष्य हासिल कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। विजयी रन बनते ही पूरा स्टेडियम तालियों और जयघोष से गूंज उठा।विधायक का संदेशअपने संबोधन में विधायक श्री सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। उन्होंने युवा आदर्श एकता मंच को सफल आयोजन की बधाई देते हुए हर वर्ष वार्ड स्तर पर टूर्नामेंट आयोजित करने का आह्वान किया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।मैन ऑफ दा मैच में जीती चार्जिंग स्कूटी राहुल रघुवंशी सराई के द्वारा जो कि सर्विस 16 के खिलाड़ी अजय भदौरिया की मिली साथ ही मैंन दा मैच में एलईडी टीवी सरपंच रामगिर रंजीत यादव द्वारा विजेता टीम के मनीष अहिरवार को मिली।

सहयोगियों व समिति की भूमिकाआयोजन को सफल बनाने में आविद खान, ब्रजमोहन यादव, शक्ति शर्मा, राजीव देवरी, मूलचंद भोरे, अजय दुबे, रामेश्वर साहू, योगेश शर्मा, खुर्रम खान, नंदू भोरे, मंटू जैन, तीरथ अहिरवार, धीरेन्द्र ग्वाल, रजनीश उपरिंग, मोनू यादव कोलुआ सहित अनेक सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।समिति अध्यक्ष शिवा यादव के नेतृत्व में मुनेश यादव, शिवप्रताप तोमर, कमल ग्वाल, सचिन जैन, मनोज गोस्वामी, केशव बुनकर, सोनू सिलावट, मोहर सिंह सहित समस्त समिति सदस्यों ने व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संभाला।कार्यक्रम के अंत में समिति द्वारा विधायक श्री सिंह को उनके बचपन की एक पारिवारिक तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया, जो समारोह का अत्यंत भावनात्मक और यादगार क्षण रहा।जेवी कप 2026 का यह आयोजन खेल भावना, सामाजिक एकता और युवा जोश का अद्भुत संगम बनकर नगर के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ गया।

# गुना जिले में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 600 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

गुना जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध पुलिस-प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की गई। ग्राम भानपुरा में दो अलग-अलग कंजर डेरों पर दबिश देकर भारी मात्रा में कच्ची शराब एवं लहान बरामद की गई।पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व एसडीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा एवं तहसीलदार चाचौड़ा मंयक खेमारिया द्वारा किया गया।कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार कुलदीप जादौन, थाना प्रभारी मृगवास निरीक्षक सुरेश कुशवाह, थाना प्रभारी चाचौड़ा उप निरीक्षक अरविन्द सिंह गौर, चौकी प्रभारी बीनागंज उप निरीक्षक अजय प्रताप सिंह यदुवंशी, चौकी प्रभारी सनाई उप निरीक्षक नीरज लोधी, उप निरीक्षक सतीश वर्मा (थाना कुम्भराज) सहित अन्य पुलिस बल एवं आबकारी विभाग की टीम मौजूद रही।संयुक्त टीम ने मौके से अवैध हाथ भट्टी से निर्मित 600 लीटर कच्ची शराब, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,20,000 रुपये है, जब्त की। साथ ही लगभग 800 लीटर लहान (किण्वित सामग्री), जिसकी कीमत करीब 1,20,000 रुपये आंकी गई, को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।




# सीएम हेल्पलाइन में नगर परिषद आरोन को प्रदेश में तीसरा स्थान कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करते हुए नगर परिषद आरोन ने प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया है। शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों का ही परिणाम है कि परिषद को यह उपलब्धि हासिल हुई।इस उल्लेखनीय सफलता पर किशोर कुमार कन्याल, कलेक्टर गुना द्वारा सीएमओ दिनेश कुमार सोनी को सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने परिषद की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही सुशासन की पहचान है।इस अवसर पर कंप्यूटर ऑपरेटर भानु रघुवंशी सहित समस्त टीम के कार्यों की भी प्रशंसा की गई। नगर परिषद सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने जानकारी दे हुए बताए कि टीम भावना, सतत मॉनिटरिंग और सकारात्मक कार्यशैली के चलते यह सफलता संभव हो सकी है।




# होलिका दहन एवं होली पर्व: पर्यावरण संरक्षण व जनस्वास्थ्य को लेकर सख्त निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा




जनपद पंचायत चाचौड़ा अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों एवं नियुक्त नोडल अधिकारियों को आगामी होलिका दहन एवं होली पर्व को पर्यावरण संरक्षण, जनस्वास्थ्य एवं सामाजिक सौहार्द की भावना के साथ मनाने के निर्देश जारी किए गए हैं।मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार होली पर्व के अवसर पर केमिकल युक्त रंगों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ग्राम स्तर पर प्राकृतिक रंगों, फूलों से निर्मित रंगों अथवा पुष्प होली को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही केमिकल रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में आमजन को जागरूक कर उनके उपयोग से रोकने को कहा गया है।निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि समस्त ग्राम पंचायतें ध्वनि प्रसारण यंत्रों एवं मुनादी के माध्यम से इन नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। होलिका दहन के लिए केवल गौ-आधारित कंडों/उपलों (गौ कास्ट) का ही उपयोग किया जाए। टायर, पॉलिथीन, रबर, प्लास्टिक अथवा अन्य किसी भी प्रकार की हानिकारक एवं विषैली वस्तुओं को जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने बताया कि हानिकारक वस्तुओं के दहन से वायुमंडल प्रदूषित होता है, जिससे जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः पर्यावरण अनुकूल सामग्री का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

समस्त नोडल अधिकारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में इन निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जनपद पंचायत द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे पर्यावरण हितैषी एवं सुरक्षित होली मनाकर समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सौहार्द का संदेश दें।

# कलेक्टर ने विभागों में पहुंचकर कर्मचारियों की देखी उपस्थिति

**अनुपस्थित मिलने पर संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों,कर्मचारियों को शासकीय कार्यालयीन निर्धारित समय प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में अधिकारी, कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सोमवार को कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में संचालित उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास तथा सहकारिता विभाग का निरीक्षण कर शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की गई। इस दौरान उन्होंने अनुपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी कर्मचारी के अवकाश की जानकारी जिला कार्यालय में रहे यह सुनिश्चित किया जाए।साथ ही उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी संधारित रहे।उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय में उपस्थित कर्मचारी के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी कर पंजी संधारित किए जाने के निर्देश दिए।

# भियादांत अतिशय क्षेत्र महोत्सव को लेकर चंदेरी में श्री 108 अविचल सागर महाराज की भव्य आगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

चंदेरी नगर में आगामी महोत्सव को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखा गया, जब आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य, पूज्य मुनि श्री 108 अविचल सागर जी महाराज का मंगल आगमन हुआ। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि से चरण धुलाई कर गुरुदेव का अभिनंदन किया। नगर के प्रमुख मार्गों पर आकर्षक रंगोली सजाई गई तथा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धापूर्वक दीपों से आरती उतारी गई। जयघोषों से संपूर्ण वातावरण धर्ममय हो उठा।

इस अवसर पर महोत्सव समिति के परम संरक्षण कु. पद्म सिंह जैन, आनंद रोकड़यि, अमोलक चंद्र जैन (संरक्षक), पद्म चंद्र जैन हाटकापुरा (अध्यक्ष, चंद्रप्रभु जैन मंदिर), सुभाषचंद्र जैन (अध्यक्ष, पाश्र्वनाथ प्राचीन मंदिर), राकेश जैन (अध्यक्ष, चैबीस जैन मंदिर), अनिल कुमार रोकड़यि (अध्यक्ष, 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र भियादांत) सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अतिशय क्षेत्र के मंत्री जयेन्द्र जैन 'निप्पू' ने पदाधिकारियों एवं समाजजनों के साथ समस्त व्यवस्थाओं का संयोजन किया। खंदार पूजन मंडल, खंदार सेवा दल के युवाओं तथा नगर के गणमान्य श्रावक-श्राविकाओं ने एकजुट होकर भव्य आगवानी की।



### धर्मसभा में गुणी बनने का संदेश

नगर स्थित पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री अविचल सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य को पाप काटने के उपायों में उलझने के स्थान पर गुणी बनने का प्रयास करना चाहिए। पाप से दूर रहकर सद्गुणों को धारण करना ही जीवन का वास्तविक उत्थान है। उन्होंने कहा कि आज लोग धर्म, ध्यान और दान-पुण्य के माध्यम से पाप मिटाने का प्रयास करते हैं, किन्तु केवल इतना पर्याप्त नहीं है। जब तक मनुष्य अपने आचरण में गुणों को नहीं उतारता, तब तक जीवन का सच्चा उत्थान संभव नहीं। इस अवसर पर चंदेरी के प्रखर कवि सौरव जैन ने भियादांत महामहोत्सव की सफलता हेतु सम्पूर्ण भारत की जैन समाज से सहयोग का आह्वान किया तथा गुरुदेव की कृपा से क्षेत्र के जीर्णोद्धार कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन गुरुदेव के मंगल आशीर्वाद के साथ हुआ और समाज ने आगामी महोत्सव को सफल बनाने का दृढ़ संकल्प लिया।




### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अधिकारी सम्मानित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, विद्युत विभाग से महाप्रबंधक मधुसूदन कोरी, उपसंचालक सामाजिक न्याय राजेंद्र प्रजापति, लीड बैंक मैनेजर राजीव कुमार, जिला आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रसेना भिड़े, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोकनगर विनोद उन्नीतान,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेंद्र सिंह यादव, उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग अमित सिंह भदौरिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर ने जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित 32 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर






कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित 32 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस.सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा सहित एपीसी महेंद्र जैन, विनोद सिहारे, सतीश दुबे एवं चारों विकासखंड के बीआरसी के साथ जिला शिक्षा केंद्र का स्टाफ,शिक्षकगण उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह में कलेक्टर द्वारा ओलम्पियाड प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों द्वारा कम उम्र में माता-पिता और शिक्षकों के प्रोत्साहन से ओलम्पियाड परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने कहा कि बच्चें अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी रूचि रखें। उन्होंने कहा कि बच्चों पढ़ाई हेतु अध्ययन व्यवस्थित रूप से निरंतर करें। उन्होंने कहा कि जिस विषय का अध्ययन कर रहे है,उसका रिवीजन अवश्य करें। पढ़ाई संबंधी चर्चा अपने दोस्तों से जरूर करें। जिससे आपका ज्ञान बढेगा। साथ ही एक दूसरे की मदद भी जरूर करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा ज्ञान है,जो बांटने पर बढ़ता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि मोबाईल का उपयोग कम से कम करें।

### छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

सम्मान समारोह में कलेक्टर द्वारा शिक्षण सत्र 2025- 26 के ओलंपियाड परीक्षा हेतु जन शिक्षा केंद्र स्तरीय परीक्षा हेतु 19097 रजिस्ट्रेशन के विरुद्ध 16995 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें चयनित 2115 छात्र-छात्राओं में से जिला स्तरीय परीक्षा में 1933 छात्र सम्मिलित हुए । जिला स्तर से कक्षा 2 से कक्षा 8 तक प्रत्येक विषय में एक-एक छात्र चयनित हुए। कुल 32 छात्रों एवं उनके 32 मार्गदर्शी शिक्षकों का प्रमाण पत्र, शील्ड भेंटकर सम्मान किया गया।

# पत्रकार को धमकी देने वाले रेत माफिया पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** हिमोनिया-सोनेरा के बीच सिंध नदी पर अवैध रूप से खनन कर बालू रेत निकालने वाले माफियाओं के खिलाफ लगातार खबरें प्रकाशित होने से बौखलाए एक खनन माफिया द्वारा रविवार देर रात पत्रकार राजकुमार नामदेव को फोन पर धमकाने वाले ग्राम सेमरा निवासी आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र अमर सिंह रघुवंशी के खिलाफ सोमवार को सिटी कोतवाली थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार आवेदक राजकुमार नामदेव पुत्र परमानंद सिंह नामदेव उम्र 40 साल निवासी पठार मौहल्ला हिरियन के टपरा वार्ड नंबर 15 अशोकनगर ने सिटी कोतवाली में एक लेखीय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें जितेंद सिंह रघुवशी उर्फ जीतू द्वारा मो० न० 9174055060 से फोन लगाकर गाली गलोच व जान से खत्म करने की धमकी दी गई थी। पत्रकार राजकुमार ने बताया कि हाल ही में मेरे द्वारा सिंध नदी से अवैध उत्खन्न सबंधी विभिन्न समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित किया गया था। उक्त समाचार प्रकाशित होने के उपरांत दिनांक 01 मार्च 2026 को रात्रि लगभग 9:00 बजे के आस- पास मैं मेरे घर पर था, मैं व मेरे बच्चे, परिवार के अन्य सदस्य व कुछ मित्र राजेन्द्र नामदेव व ओमप्रकाश रघुवंशी मेरे साथ बैठे थे, तभी मेरे मोबाइल नंबर 7898016055 पर जितेन्द्र सिंह रघुवंशी उर्फ जीतू पुत्र अमर सिंह रघुवशी नि० ग्राम सेमरा हाट तथा उसका एक अन्य साथी का मोबाईल नम्बर 9174055060 से कई बार फोन आया। मेने जितेन्द्र का फोन उठाया और लाउडस्पीकर पर बात की तो फोन पर जितेन्द्र रघुवशी व उसका एक अन्य साथी मुझे खबर प्रकाशित होने की बात को लेकर अश्लील गंदी गालियां दे रहा था, तथा मुझे घर से उठाकर जान से मार देने की धमकी दे रहा था, वह मेरे अन्य पत्रकार साथियों के नाम लेकर भी धमकी दे रहा था।

# 30 दिवसीय राजमिस्त्री-कंक्रीट वर्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**अशोकनगर।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी अशोकनगर में चल रहे 30 दिवसीय राजमिस्त्री-कंक्रीट वर्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन में उपस्थित आर सेटी से फैकल्टी जितेंद्र बिरथरे कार्यालय सहायक प्रवेश सुमन, अटेंडर अतुल दागी (मास्टर ट्रेनर) कुलदीप सिंह असिसमेंट के लिए आए हुए ईडीपी ऐसेसर हरेश श्रीवास्तव एवं डीएसए हेमंत ओझा की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को निदेशक द्वारा बैंक से ऋण कैसे प्राप्त हो इसकी जानकारी भी दी गई। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों ने 30 दिवसीय प्रशिक्षण लेने के बाद कहा कि हमारे लिए आर सेटी एक रोजगार का माध्यम है हमारे जैसे कही लोगों ने प्रशिक्षण लिया होगा और अपने स्वयं की दिनचर्या में बदलाव लाया होगा खुद को आत्म निर्भर बनाने का वह स्वयं का रोजगार प्राप्त करने का एक अवसर प्राप्त करने का साधन हैं।

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया क्रिकेटर अक्षत रघुवंशी का सम्मान



**अशोकनगर।** रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जयमंडल सिंह यादव सचिव संजय रघुवंशी प्रदेश प्रतिनिधि डॉ दीपक मिश्रा, डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ राजकुमार शर्मा, देवेंद्र अग्रवाल, सतीश पाराशर सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को क्रिकेटर अक्षत रघुवंशी के घर पहुंच कर उनका सम्मान किया।

जिले के होनहार क्रिकेटर जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया। जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप सभी सदस्यों ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की और जिले को गौरवान्वित करने के लिए उन्हें सम्मानित किया। डॉ जय मंडल सिंह यादव ने कहा कि यह हम सभी जिले वासियों के लिए गौरव की बात है, कि हमारे जिले से निकले क्रिकेट खिलाड़ी क्रिकेट के खेल में देश दुनिया में अपना राम रोशन किया। आज हमें भी गर्व हो रहा है कि हमारे क्षेत्र का लाडला खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में देश की सेवा कर रहा है। सभी सदस्यों ने उन्हें रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से शील्ड प्रदान की। इसके बाद रेड क्रॉस सोसाइटी के सभी सदस्य, पिछले दिनों लिवर इन्फेक्शन के कारण बीमार हुए पत्रकार अशीष मालवीय के घर उनका हाल-चाल जानने पहुंचे,एवं उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक आपस में टकराई, दोनों पक्षों ने मामले कराए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत अशोकनगर रोड पर गजरा टाडा के मोड पर दो बाईक आपस में टकरा गईं, जिससे 5 लोगों को चोटें आई हैं। एक पक्ष की ओर से विवेक पुत्र मांगलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेड सी 0989 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक को टक्कर मार दी जिससे फरियादी और उसकी लड़की को चोटे आई हैं। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जगदीश बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 जेडई 7443 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे फरियादी के लड़के, पत्नि और भांजे को चोटें आई हैं।

### फांसी लगाकर महिला ने की खुदखुशी

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत सुरेखा बाई पत्नि संजीव अहिरवार उम्र 23 साल निवासी ग्राम जलालपुर ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने बीना रोड तलैया निवासी फूलसिंह सांसी के पास से 15 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने चंदन आदिवासी निवासी ग्राम भरोंली के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चन्देरी पुलिस ने फतेहाबाद निवासी अरबिंद कुशवाह के पास से 8 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत छैःघरा कॉलोनी निवासी विनोद शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरूण शर्मा और आशीष शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत कबीरा रोड अशोकनगर निवासी रचना बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति अमित अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वेलई निवासी विकास लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पहलवान नायक, बंटी, नीलम नायक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अचलगढ़ निवासी कपूरसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नेतराम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नेत्रराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कपूर सिंह और बुदेंल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## गाजे बाजे के साथ होली दहन के हुए आयोजन

# अशोकनगर शहर में होली दहन से पहले भक्ति भाव से की गई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






होली का त्योहार अशोकनगर की सांस्कृतिक परंपरा का एक वर्षों पुराना अंग है आज भी होली दहन का आयोजन शहर के 70 से अधिक स्थानों पर किया जाएगा। होली दहन से पहले सुभाषगंज और गांधी पार्क पर महिलाएं होली की पूजा करने पहुंची। जहां पर गाजे बाजे के साथ होली दहन के आयोजन हुए, श के हर ह्रदय स्थल गांधी चैक पर भी होली दहन का आयोजन किया गया।

होली दहन के इस मौके पर अशोकनगर शहर के हर गली मोहल्ले और चैराहे पर होली दहन का आयोजन किया गया। इस बार शुभ मुहूर्त में होली दहन किया गया, यह अशोकनगर की बरसों पुरानी परंपराओं के साथ धार्मिक आस्थाओं का यह पर्व है। इस बार होली दहन के अगले दिन रंगों की होली होती थी वैसे तो होली का दहन मंगलवार को होना था किंतु इस बार मंगलवार के चंद्र ग्रहण होने के कारण होली दहन का आयोजन 1 दिन पहले किया गया है। सुभाषगंज की होली अपने आप में एक प्रसिद्ध होली है यहां का होलिका दहन का आयोजन देखने के लायक होता है। यहां महिलाएं सामूहिक रूप से हाथों में आरती की थाल लेकर पूजा करने के लिए पहुंचती हैं। घर-घर से महिलाएं यहां आती हैं और होलिका दहन किया जाता है। होलिका दहन से पहले यहां पूजा अर्चना की गई चारों तरफ आटी बांधी गई, शुभ मुहूर्त में होली दहन का आयोजन हुआ। होली मैया की जय के नारे भी लगाते हुए देखे गए। यहां उपस्थित लोगों को गुलाल लगाया गया, प्रसाद बांटा गया। घर-घर से लोग गेहूं की बालियां लेकर होली की सिकाई करते देखे गए। अनेक लोग गोबर से बनी मल्हारिया भी लेकर पहुंचे और उन्हें होली की आग में जलाते हुए देखा गया, बाद में यह घर ले जाएगें। यहां यह भी परंपरा है कि होली की आग या होली की राख कहै इसे अनेक लोग अपने घर ले जाते हैं कहा जाता है कि यह घर में सुख समृद्धि और संपन्नता लाती है। इस होली की अग्नि से हमारे सारे दुख और कष्ट दूर हो जाते हैं।

### 15 फीट ऊंची होलिका दहन किया गया

इसी प्रकार शहर के गांधी चैक पर भी होलिका दहन का आयोजन किया गया। यहां 15 फीट ऊंची होलिका दहन किया गया हिंदू उत्सव समिति की ओर से इस होली दहन का आयोजन किया गया था। यहां होलिका को अपनी गोद में प्रहलाद को बैठा कर देखा गया, इस होली में सिर्फ कंडे का ही उपयोग किया गया था हर वर्ष यहां इस तरह का



आयोजन किया जाता है। यहां की होली भी लोग देखने के लिए आते हैं इसके अलावा शहर में पुराने बाजार की होली भी अपने आप में प्रसिद्ध रही है। इस होली के मौके पर भी लोगों में उत्साह देखा गया। यहां भी शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया गया।

पहले एक जमाना था तब होली के जब दहन का आयोजन होता था, तब होली आयोजकों में यह होड होती थी की किसकी होली की आंच सबसे ऊपर होगी। यह स्पर्धा गंज की और पुराने बाजार की होली के बीच रहती आई थी लेकिन आप सब त्योहार बदले हुए समय के हिसाब से समाप्त हो गए हैं अब होलिका का दहन का आयोजन प्रतीकात्मक रूप से किया जाता है जिसमें लकड़ी और कंडे का उपयोग किया जाता है। पहले कभी एक जमाना था जब किसी के घर कुछ भी मिलता था लोग उसे जलाने के लिए होली की आग में रख देते थे अनेक परिवार के लोग होली का दहन का आयोजन जब तक न हो जाए तब तक जाकर रात निकलते थे। इस होलिका दहन को लेकर पूरी रात शहर में हंगामा मचता रहता था एक स्थान से दूसरे स्थान पर हुलियारे जाते हुए देखे जाते थे, लेकिन अब निर्धारित अवधि के बीच होलिका दहन का कार्यक्रम हो जाता है। पहले जैसी स्थितियां अब होलिका दहन में नहीं रही सब मिलकर होली का पर्व मानते हैं शुभकामनाएं देते हैं होलिका दहन का आयोजन हमारी आस्था हमारी परंपराएं और हमारी संस्कृति का अनुभव त्यौहार है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आगामी रंगपंचमी 08 मार्च 2026 को जिले की बहादुरपुर तहसील के ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानीखेडी स्थित म.प्र.तीर्थ स्थल मां जानकी मंदिर करीला धाम पर आयोजित होने वाले वार्षिक करीला मेला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय विभागों में पदस्थ महिला अधिकारी, कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगें। यह बात कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

बैठक में कलेक्टर मालवीय ने कहा कि इस वर्ष करीला मेला 08 मार्च रंगपंचमी का पर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन आयोजित हो रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण की व्यवस्थाओं का दायित्व महिला अधिकारियों को सौंपा जाएगा। नारी सशक्तिकरण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा। हेलीपेड से लेकर माता जानकी मंदिर दर्शन तथा मंच व्यवस्था तक की जिम्मेदारी महिला विंग की रहेगी। उन्होंने करीला मेला की तैयारियों की अंतिम रिहर्सल 05 मार्च 2026 को कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी कार्यालयों में अपडेट रखी जाए। उन्होंने किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण लक्ष्यानुसार लगाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग की समीक्षा करते हुए शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिले में सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दुर्घटना स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

बैठक में समय सीमा के लंबित पत्रों, वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त होने वाले पत्रों,जनसुनवाई के आवेदनों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित विभागीय समितियों का गठन, अग्रिम खाद भण्डारण, कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन, लखपति दीदी अंतर्गत बैंकों द्वारा ऋण वितरण की प्रगति,ग्रामों में पेयजल स्त्रोतों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी. सिण्डोस्कर, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## कविताओं पर केंद्रित कविता पोस्टर प्रदर्शनी लगाई

# जन संस्कृति मंच ने किया कविता पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शनिवार को जनसंस्कृति मंच द्वारा कविता पाठ का आयोजन किया गया। रितेश जैन के मकान पर आयोजित रचना पाठ श्रृंखला में ग्वालियर के कवि राजहंस सेठ की कविताओं पर केंद्रित रहा। इस दौरान पंकज दीक्षित द्वारा राजहंस सेठ की कविताओं पर केंद्रित कविता पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री रामदुलारी शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि पंकज दीक्षित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डा. सत्यभामा राजोरिया और कबीर राजोरिया ने जनगीतों की प्रस्तुति दी, जिनमें गम की नाव चली और कबीर का पद झीनी झीनी भीनी चदरिया की प्रस्तुति दी।

राजहंस सेठ ने लगभग 25 कविताओं का पाठ किया, जिनमें संसद यदि सडक़ के प्रतिनिधियों की बात नहीं सुनेगी तो एक दिन खुद संसद में घुसकर अपनी बात मनवायेगी, कहते हैं चलो बेटी का घर बस गया पिता का घर बेटी का घर नहीं था, रोटी की होती तो मिट जाती भूख सम्मान की थी नहीं मिटी, तानाशाह की कब्र कोई और नहीं खोदता वह खुद अपने बंकर में छुपकर आत्महत्या कर लेता है, घृणा फैलती है जैसे वैसे प्रेम नहीं फैलता की प्रस्तुति दी गई। विशिष्ट अतिथि पंकज दीक्षित ने कहा कि उनकी कविताएं हमें अपने समय के महत्वपूर्ण कवि राजेश जोशी, मंगलेश डबराल, स्वप्निल श्रीवास्तव, कुमार अंबुज जैसे महत्वपूर्ण कवियों की याद दिलाती है। रामदुलारी शर्मा ने राजहंस सेठ की कविताओं के बारे में बताया कि आम आदमी की भाषा में लिखी गई है छोटी कविताएं बहुत दूर तक अपनी बात कहने में समर्थ हैं। गोष्ठी का संचालन कर रहे इकाई के अध्यक्ष हरगोविंद पुरी ने रामदुलारी शर्मा और राजहंस सेठ का परिचय और उनकी रचनात्मकता के बारे में बताया। भानुप्रकाश रघुवंशी, इकाई के सचिव जसपाल बांगा और हरगोविंद पुरी ने स्मृति चिन्ह और कविता पोस्टर देकर अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान कवि हरिओम राजोरिया, दुर्गेश भार्गव, पंकज दीक्षित, सीमा राजोरिया, विनोद कुमार शर्मा, रईस खान, देवेश जौनवार, श्यामसुंदर मुद्गल, संजयमोहन माथुर, नंदकिशोर पटवा, नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, रमेशकुमार इटोरिया, अशोक कुमार, राजेश खैरा, सत्तार खान, अरबाज खान, हरिओम श्रीवास्तव, रंजीत अहिरवार उपस्थित रहे। सचिव जसपाल बांगा ने आभार व्यक्त किया।

## कलेक्ट्रेट में हुआ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का गायन




**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद की बैठक में बजट और विकास कार्यों पर लगी मुहर

## अटल जी के नाम से मिलेगी शहरी बस स्टैंड को पहचान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आज अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विकास और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट सहित अन्य विकास कार्यों को परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की।

**बजट 2026-27 को मिली हरी झंडी** बैठक का मुख्य केंद्र आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट रहा। सदन में प्रस्तुत किए गए इस बजट पर सभी पार्षदों और सदस्यों ने चर्चा के बाद अपनी मुहर लगा दी। यह बजट शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और नई सुविधाओं के विस्तार पर केंद्रित है।

**प्रमुख विकास कार्य और निर्णय** 1 पीएम आवास योजना 2.0रू प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक के तहत पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण के लिए भूमि चयन को स्वीकृति दे दी गई है।

2 गीता भवन और ऑडिटोरियमरू शासन के निर्देशानुसार शहर में गीता भवन का निर्माण किया जाएगा। इसमें एक भव्य ऑडिटोरियम हॉल भी बनाया जाएगा, जिससे सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों को नया मंच मिलेगा।

3 अटल बिहारी वाजपेयी बस स्टैंडरू शहर के नवीन बस स्टैंड का नामकरण देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने का निर्णय लिया गया है।

4 मुक्तिधाम में हाई-टेक सुविधारू अशोकनगर मुक्तिधाम अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यहाँ हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसकी खास बात यह है कि यदि किसी व्यक्ति के परिजन विदेश या शहर से बाहर हैं, तो वे दुनिया के किसी भी कोने से लाइव अंतिम दर्शन कर सकेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से भी यह एक बड़ा कदम है।

5 स्वच्छता और अधोसंरचनारू नगरीय क्षेत्र की सड़कों की सफाई को आधुनिक बनाने के लिए ऑटोमैटिक क्लीनिंग मशीन क्रय करने की मंजूरी मिली है। साथ ही, मोहरी रोड ट्रेंचिंग ग्राउंड पर आरसीसी ह्यूम पाइप नाला और दुकान निर्माण कार्य को भी परिषद ने स्वीकृत किया है।

परिषद की बैठक का एक विशेष आकर्षण क्रिकेट के क्षेत्र में अशोकनगर का नाम रोशन करने वाले अक्षत रघुवंशी रहे। आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले अक्षत का पूरी परिषद ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**गुलाल उड़ाकर दी होली की अग्रिम बधाई** बैठक के समापन पर सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। आगामी होली के पर्व को देखते हुए सभी पार्षदों और परिषद के साथियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। परिषद की इस बैठक में हमने शहर के चहुंमुखी विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता दी है। चाहे वह आवास योजना हो या मुक्तिधाम में तकनीक का समावेश, हमारा लक्ष्य अशोकनगर को एक आधुनिक और सुविधायुक्त शहर बना।

# जीवाजी पब्लिक स्कूल में होली का उल्लास रंगों के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नईसरायं के स्थानीय जीवाजी पब्लिक स्कूल में सोमवार को होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

### रंगों से सजे मासूम चेहरे

स्कूल ड्रेस में सजे बच्चों के चेहरों पर जब गुलाबी, लाल और पीले गुलाल लगे, तो पूरा परिसर उत्सव के माहौल में डूब गया। बच्चों ने हाथ उठाकर और ष्होली हैष के जयकारों के साथ अपनी खुशी का इजहार किया। अनुशासन के साथ-साथ बच्चों के बीच का यह प्रेम और उत्साह देखने लायक था।

### परंपरा और संस्कार का संगम

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन टीम के सदस्य अशोक यादव, हिमानी शर्मा ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताया। शिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य को कोई नुकसान न पहुँचे। उन्होंने बच्चो को बताया कि होली का त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत और आपस में प्रेम से रहने की सीख देता है। स्कूल में इस तरह के आयोजनों से बच्चों में हमारी संस्कृति के प्रति जुड़ाव पैदा होता है।

## इस बार सूखे रंगों से खेली जाएगी होली, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा

# शहर में जगह-जगह रंग और गुलाल के स्टॉल सजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





रंगों की होली का पर्व इस बार 3 मार्च को ग्रहण पड़ने के कारण एक दिन बाद वुधवार को मनाया जाएगा। होली के इस त्यौहार को लेकर शहर के लोग रंगों की होली का उत्सव मनाने के लिए तैयार है। इस बार लोग सूखे रंगों से होली का त्यौहार मनाएगें, जिसे देखते हुए लोगों में उत्साह उमंग है। इस बार भी शहर के चैराहों पर रंग, गुलाल के स्टॉल और दुकानें सजीं है। कई जगह बच्चों को पिचकारिया भी खरीदते हुए देखा गया। होली का यह पर्व उत्साह उमंग और सद्भावना के साथ मनाया जाएगा।

होली के इस पर्व को लेकर अशोकनगर शहर के युवाओं में बच्चों में और युवतियो में उत्साह है। युवाओं बच्चों और युवतियां की टोलियां यह पर्व मनाने के लिए तैयार है। लोग एक दूसरे के घरों पर जाकर यह रंगों की होली का त्यौहार मनाते हैं फिर जिसको रंगा जाता है उसको भी साथ में लेकर जाते हैं। बच्चों के बीच सुबह से रंगों की होली का त्यौहार शुरू हो जाता है जो पूरे दिन चलता है। इस त्यौहार की खास बात यह है कि लोग एक दूसरे को जो परिचित हैं उन्हें ही रंग लगाते हैं और होली खेलते हैं जैसे-जैसे समय बदल रहा है वैसे-वैसे होली के त्यौहार में अंतर आता जा रहा है अब लोग कीचड़, मिट्टी आदि से होली नहीं खेलते। अब तो रंगों की भी कमी आती जा रही है अब रंगों का स्थान प्राकृतिक गुलाल में ले लिया है। यह गुलाल टीका लगाने के काम आती है और होली का पर्व मनाया जाता है। होली के पर्व पर पूरे शहर में जगह रंगों की दुकान कम गुलाल की दुकान अधिक लगी है।

**रंग का स्थान गुलाल और सूखे रंगों ने लिया:** जैसे-जैसे समय बदला है वैसे-वैसे रंगों की मांग भी कम होती जा रही है और पिचकारी की मांग भी घट रही है। पिचकारी विक्रेता रमेश जैन ने बताया कि अब 25 प्रतिशत होली के रंग ही उपयोग में लाए जाते हैं 75 प्रतिशत स्थान गुलाल ने ले लिया है। अब गुलाल ही अधिक उपयोग होती है जिसको जैसे रंग की गुलाल चाहिए वैसी गुलाल मिल जाती है। गुलाल में भी प्राकृतिक रंग उपयोग में लिए जाते हैं। पिचकारियों की बात करें तो बंदूक वाली पिचकारी गन, टैंक और ब्रोड वाली पिचकारी भी बाजार में है। महंगे दामों की पिचकरिया होली के बाजार में बिक रही है। यह पिचकारी सिर्फ बच्चों तक सीमित रह गई है।

### पहले कढाहा में रंग भरा जाता था गेर भी निकलती थी

अशोकनगर की होली की बात करें तो पहले सामूहिक रूप से पूरे शहर में होली का पर्व मनाया जाता था। एक बड़ी कढ़ाई में रंग भर जाता था और शहर में लोग एक साथ निकलते थे जो भी रास्ते चलते मिलता था उसे गहरे रंग से रंगा जाता था। जिनके यहां शोक की पहली होली होती है। वह उनके यहां पहुंच कर गुलाल का टीका लगाते हैं और होली का पर्व मनाते हैं। जिन युवतियां की शादी इस बार हुई है और उनका होली का पर्व पहला है वह युवतिया मायके में ही होली का पर्व मानती है। होली के पर्व की शुरुआत पंचमी तक चलती है। होली दहन से ही पर्व शुरू होता है और पंचमी तक चलता है। कभी शहर में होली के पर्व पर गैर भी निकलती थी लेकिन अब गैर नजर नहीं आती।

## 2 साल से बंद है भोजन केंटीन, किसानों ने जताई नाराजगी

# कृषि उपज मंडी खुजनेर में नीलामी देर से शुरू होने पर किसानों ने किया हंगामा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

कृषि उपज मंडी खुजनेर एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। शुक्रवार को व्यापारियों द्वारा कम भाव में फसल खरीदी के विरोध में किसानों ने चक्काजाम किया था, जिसमें प्रशासन ने आकर किसानों को समझाकर जाम खुलवाया था। परंतु इसक बाद भी मंडी प्रबंधन ने कोई सीख नहीं ली और हालात जस के तस बने रहे। लगातार परेशानियां झेल रहे किसानों का एक बार फिर सोमवार को आक्रोश फूट पड़ा जब सुबह 11 बजे तक नीलामी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई नाराज किसानों ने मंडी कार्यालय के सामने जमकर हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि मंडी में अक्सर दोपहर 12 बजे के बाद ही बोली शुरू होती है। साथ ही यहां पिछले दो वर्षों से भोजन केंटीन की कोई व्यवस्था नहीं है। चाय पानी के साथ साथ भोजन के लिए भी परेशान हो रहे किसानों ने जमकर बबाल काटा।

### थाना प्रभारी की मौजूदगी में शुरू हुई बोली

किसानों का कहना है कि वे रात से ही फसल लेकर मंडी पहुंच जाते हैं, लेकिन दिनभर भूखे रहने को मजबूर हैं। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा थाना प्रभारी रवि ठाकुर ने किसानों को समझाइश दी, जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया शुरू करवाई गई

### गुस्साए किसानों ने लगाए आरोप

किसान सिद्धनाथ दांगी (ग्राम लिम्बोदा) ने बताया कि वे चने की उपज लेकर मंडी आए थे। मंडी खुलने का समय सुबह 11 बजे निर्धारित है, लेकिन नीलामी दोपहर 12बजकर 30 बजे शुरू की गई। उन्होंने कहा कि मंडी में 7 व्यापारियों के लाइसेंस हैं, परंतु केवल 2 व्यापारी ही बोली लगाते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कम होती है और किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता किसानों ने यह भी बताया कि कृषि उपज मंडी नीमच, कृषि उपज मंडी पचोर, कृषि उपज मंडी खिलचीपुर और कृषि उपज मंडी जीरापुर में 5 रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि खुजनेर मंडी में पिछले दो साल से केंटीन बंद पड़ी है किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नीलामी समय पर शुरू हो और भोजन व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### इनका कहना है...

मुझे प्राप्त शिकायत के संबंध में मंडी प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि किसानों द्वारा लाए गए माल की गुणवत्ता की उचित जांच करने के बाद ही भाव निर्धारित किए जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि व्यापारियों द्वारा किसानों को किसी प्रकार का कम या अनुचित भाव न दिया जाए। व्यापारियों को बैंकों से पर्याप्त नकद भुगतान उपलब्ध नहीं होने के कारण मंडी में खरीदी कार्य देर से प्रारंभ हुआ है। इस समस्या के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों से समन्वय किया जा रहा है मंडी परिसर में भोजन कैंटीन को पुनः प्रारंभ कराने के लिए मंडी सचिव से चर्चा की गई है इसे शीघ्र चालू करवाया जाएगा।

निधि भारद्वाज, एसडीएम, राजगढ़

# हाइड्रेशन थेरेपी और इंजेक्शन की मदद से निकाली मूत्रमार्ग से 8 मिमी की पथरी

## रेफर होने की स्थिती में डॉ अंकुर ने दिखाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सर्जन अंकुर देशवाली जिले के क्रिटिकल मरीजों के इलाज के लिए सदैव तैयार रहते हैं फिर चाहे दिन हो या रात। क्रिटिकल सर्जरी एक्सपर्ट के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले डॉ अंकुर ने एक बार फिर लगभग भोपाल रेफर होने वाले मरीज का इलाज जिला अस्पताल में ही कर दिया और वह भी बिना आर्थिक भार डाले।

मामला राजगढ़ निवासी 35 वर्षीय शकूर खान का है जिन्हें पेशाब रुकने और पेट फूलने की शिकायत के साथ 22 फरवरी को रात 8 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैथेटर लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह ठीक से काम नहीं कर रहा था व मरीज का मूत्र निकासी



आसानी से नहीं जा रहा पाया। कैथेटर लगाने के बाद मरीज को रक्तस्राव होने लगा। फिर मूत्राशय में सीधे डाला लगाया गया और पेशाब निकलने शुरू कर दिया।

### पथरी का पता चलने पर की हाइड्रेशन थेरेपी

इसके बाद अल्ट्रासाउंड किया गया, जिसमें मूत्राशय और मूत्रमार्ग में पथरी होने का संकेत मिला। बाद में मरीज का इलाज राजगढ़ जिला अस्पताल में भोपाल हमीदिया रेफर करने की सलाह दी गई। फिर सोमवार को अटेंडर डॉ. अंकुर देशवाली के पास गए। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि इसका इलाज राजगढ़ जिला अस्पताल में किया जा सकता है या जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन करके इसे निकाला जा सकता है। उन्हें हाइड्रेशन थेरेपी, इंजेक्शन और पथरी निकालने के लिए बोतल से दवा दी गई। 1 मार्च 2026 को लगभग 8 मिमी की पथरी निकाली गई। मरीज ने 2 लीटर पेशाब किया। मरीज स्वस्थ और आरामदायक स्थिति में है। मरीज को 2 मार्च को छुट्टी दे दी गई।

## गोगटपुर परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई कक्षा 5वीं-8वीं की परीक्षाएं



गोगटपुर। शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोगटपुर में संचालित कक्षा पाँचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं सोमवार को सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गईं। अंतिम दिवस पर भी परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ होकर सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। परीक्षा अवधि के दौरान समस्त व्यवस्थाएँ संतोषजनक रहीं। केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, संकुल प्रभारी, जनशिक्षक एवं सभी पर्यवेक्षकों के समन्वित प्रयासों से परीक्षाएं निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गईं। परीक्षाओं की समाप्ति पर बीआरसी गजेंद्र शर्मा ने केंद्र पर उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने परीक्षा संचालन में सहयोग, अनुशासन एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य के लिए सभी की सराहना की तथा कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही परीक्षा कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका। विद्यालय परिवार ने भी सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की बात कही।

# खेड़ापति हनुमान मंदिर की चोरी गई दान पेटी जंगल में टूटी मिली, जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पड़ाना नगर के जाटव मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर से चोरी हुई दान पेटी रविवार देर शाम मंदिर के पीछे जंगल क्षेत्र में टूटी हुई अवस्था में बरामद की गई। अज्ञात चोर बीते सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात मंदिर परिसर में रखी दान पेटी को उठाकर ले गए थे। घटना के बाद से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बना हुआ था।

जानकारी के अनुसार, जाटव मोहल्ले के पीछे स्थित जंगल में इमली के पेड़ के पास कुछ बच्चे इमली खाने पहुंचे थे। इस दौरान उनकी नजर एक प्लास्टिक के बोरे में लिपटी वस्तु पर पड़ी। संदेह होने पर बच्चों ने पास जाकर देखा तो बोरे में मंदिर की दान पेटी दिखाई दी, जिसका निचला हिस्सा टूटा हुआ था। बच्चों ने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। मोहल्ले के लोगों को पहले से ही मंदिर से दान पेटी चोरी होने की जानकारी थी। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद पुलिस चैकी पड़ाना को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर दान पेटी को जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने दान पेटी का पेंदा तोड़कर उसमें रखी दान राशि निकाल ली और खाली पेटी को बोरे में बंद कर जंगल में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही है। अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने मामले में जांच तेज कर दी है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने 'ईश्वरीय रंगों की होली' कार्यक्रम उत्साह से मनाया



सारंगपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सारंगपुर द्वारा "ईश्वरीय रंगों की होली" कार्यक्रम बड़े ही उमंग-उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परमात्म याद एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, महेश शर्मा, एल.एन. त्रिकार, जिला प्रभारी मधु दीदी तथा स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मधु दीदी ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि "परमात्म प्रीत की होली ही सच्ची होली है।" उन्होंने सभी को होली का तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं और कहा कि भगवान शिव पर अर्पित की जाने वाली सामग्रीकृआक, धतूरा, बेर आदिकृहमारी बुराइयों के प्रतीक हैं, जिन्हें त्यागना ही सच्चे अर्थों में शिव अर्पण है। यदि हम परमात्मा शिव को मानते हैं तो उनकी शिक्षाओं को भी जीवन में धारण करना चाहिए। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

# अहिरवार समाज द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर पर

## जिनके पालक नहीं हैं, उनका विवाह सम्मेलन में होगा निशुल्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आदर्श अहिरवार समाज दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन खिलचीपुर में होगा। जिसमे गरीब परिवार के लिए एक अनुकरणीय कदम है। खिलचीपुर में दूसरा सम्मेलन रखा जाएगा और सभी समाजों को ऐसे आयोजनों के लिए पहल करनी चाहिए। ऐसे आयोजनों से सभी लोग आपसी भाईचारा और सौहार्द स्थापित होता है।

रविवार को नहारदा मंदिर पर अहिरवार समाज सामूहिक सम्मेलन की बैठक रखी गई। बैठक में संत रविदास महाराज को छायाप्रति पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर बैठक अयोजित की गई। बैठक में खिलचीपुर जीरापुर मचालपुर रामगढ़ कोटा झालावाड़ राजस्थान क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, शिक्षक, कर्मचारी सहित 200 से अधिक नागरिक मौजूद हुए। बैठक में सभी की सहमति से निर्णय हुआ की द्वितीया सम्मेलन खिलचीपुर में रखा जाएगा। सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमे राजस्थान सहित कोटा झालावाड़ माचलपुर जीरापुर खिलचीपुर के नागरिक शामिल हुए। बैठक सम्मेलन समिति के अध्यक्ष प्रभुलाल सिकरवार और उपाध्यक्ष रूपचन्द्र वर्मा, पुनम चंद्र, वर्मा को बनाया गया। वहीं सम्मलेन समिति सम्मलेन समिति कार्यकारणी गठित की गई।

### 20 अप्रैल को होगा अहिरवार समाज वर वधु विवाह सम्मेलन

अहिरवार समाज का सामुहिक विवाह सम्मेलन छोटा मेला ग्राउंड में 20 अप्रैल सम्मलेन रखा जाएगा सम्मलेन में समाज द्वारा वर वधु को निशुल्क सोने के मगलसूत्र, चांदी की पायजंब, गोदरेज आलमारी, बिस्तर बेट, सात बर्तन, सहित वर वधु को अनेकों उपहार समिति द्वारा दिया जाएगा। विशेष अतिथि प्रभुलाल सिकरवाल ने कहा कि खिलचीपुर छोटा मेला ग्राउंड पर अहिरवार समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में जिन बच्चों के माता पिता नही है उनके पुत्र पुत्री का निशुल्क विवाह सम्मेलन में किया जाएगा। सम्मेलन समिति द्वारा अनेकों उपहार दिया जाएगा। समिति की तरफ से चांदी को पाईजंब, गोदरेज आलमारी, बिस्तर बेट, सात बर्तन सहित अनेकों उपहार दिया जाएगा।

### अहिरवार समाज सम्मेलन आयोजित बैठक में लिए कई निर्णय

नहारदा मंदिर परिसर में हुई अहिरवार समाज की बैठक में समाज में जागरूकता लाने के लिए कई निर्णय लिया गया जिसमे शादी ब्याह कपड़ा प्रथा बंद होना चाहिए, नातरा प्रथा बंद होना चाहिए , नुक्था प्रथा बंद करन समाज के लोग शराब के ज्यादा अधीन होते जा रहे शराब पर प्रति बन्द होना चाहिए, बच्चो को शिक्षा दिलाना, वही , कस्बों व शहरों में समाज के लोगों के साथ बैठकें करेंगे। इनमें एकता का संदेश देने के साथ अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा व समाज की उपलब्धियों का इतिहास बताया जाएगा। समाज के असंगठित होने के कारण अब तक राजनीति, नौकरियों, शिक्षा आदि में पर्याप्त स्थान नहीं मिल सका। शिक्षा के अभाव में कोई भी व्यक्ति या समाज विकास नहीं कर सकता। इसलिए समाज के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करने पर बल दिया जाएगा।

# छापीहेड़ा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, कानून व्यवस्थाएं बनाए रखना मुख्य उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

कानून हर जगह अपना कार्य समर्थकता के साथ सत्य निष्ठा निर्वहन करता है जो हमारी रक्षा के लिए सदैव उपस्थित भी रहता है। सोमवार को छापीहेड़ा में जनसेवा देश भक्ति के सिपाहियों ने मिलकर कदम से कदम की ताल से फ्लैग मार्च निकाला जिसे देख नगर के हर चैराहों पर कई जगह पर लोगों ने सेल्यूट मारकर पुलिस का सम्मान किया। क्योंकि पुलिस बल हमेशा सभी नगर वासियों की रक्षा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहते है त्योहारों के चलते अमन और शांति सद्भावना बनाए रखने के लिए बार-बार अपील कर चुकी है। इसलिए फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य यहां रहता है कि संवेदनशील क्षेत्रों में आम जनता के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना कानून व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों में भय पैदा करना यह पुलिस की दृश्यता बढ़ाता है और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए एक एक महत्वपूर्ण पुलिस का कदम होता है थाना छापीहैड़ा टीआई हुकुम सिंह मीणा तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल एक साथ कदमताल से चलते दिखाई दिए।

## स्वयं सहायता समूहों की रचनात्मकता बनी आकर्षण का केंद्र

# भैंसवामाता मंदिर में होली महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/सारंगपुर

भैंसवामाता मंदिर परिसर सारंगपुर में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा होली के अवसर पर रंगारंग होली महोत्सव एवं मेले का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। यह कार्यक्रम ग्रामीण आजीविका, महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रोडमल नगर ने शिरकत की और मिशन के अंतर्गत कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज, डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति राजोरे उपस्थित रहे।

### महिला समूहों द्वारा लगाए गए विविध उत्पादों के स्टॉल

साथ ही मेले की सबसे बड़ी विशेषता जिले के विभिन्न ब्लॉकों की महिला समूहों द्वारा लगाए गए विविध उत्पादों के स्टॉल रहे। जीरापुर ब्लॉक की महिलाओं ने पारंपरिक स्वाद के अनुरूप घरेलू स्नैक्स और होम डेकोरेशन सामग्री के आकर्षक स्टॉल लगाए, जिनमें हस्तनिर्मित सजावटी सामान और पैक्ड फूड आइटम शामिल थे। खिलचीपुर ब्लॉक के स्वयं सहायता समूहों ने पूरी तरह देसी पद्धति से तैयार किए गए। ऑर्गेनिक दालों और मसालों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। जिससे ग्रामीण उत्पादों की गुणवत्ता और वैल्यू एडिशन को बढ़ावा मिला। सारंगपुर पड़ाना से महिला समूह ने हैंडलूम और ब्यावरा से महिला समूह ने घरेलू श्रृंगार की प्रियदर्शिनी लगाई। नरसिंहगढ़ से महिला समूह ने घरेलू उत्पाद जैसे खिलौने, घी, मसाले और खाद की प्रदर्शनी लगाई। राजगढ़ ब्लॉक की महिला समूहों ने प्राकृतिक अवयवों से बने घरेलू गुलाल एवं अन्य हर्बल रंगों के साथ-साथ पारंपरिक घरेलू व्यंजनों के स्टॉल संचालित किए, जिससे स्वदेशी व सुरक्षित रंगों के उपयोग का संदेश दिया गया। इसके साथ ही ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद भी मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जो ग्रामीण कौशल विकास और उद्यमिता की सफल मिसाल प्रस्तुत करते हैं।



### महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थिति भी हो रही सुदृढ़

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ने से न केवल परिवार की आय में वृद्धि होती है, बल्कि गांवों की सामाजिक आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के मेलों से महिला समूहों को बाजार की समझ, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और ग्राहक से सीधे संवाद का अनुभव प्राप्त होगा, जो उन्हें आगे चलकर सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा। होली महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोकगीतों और पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। पूरे कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से संगठित स्वयं सहायता समूह, परंपरा, संस्कृति और आधुनिक ग्रामीण उद्यमिता को एक साथ जोड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

## शांत, स्वच्छ वातावरण होगा तैयार, लगेंगी बेंच

# मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प विधायक ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नगर छापीहेड़ा के वार्ड क्र. 9 में स्थित मुक्तिधाम को एक करोड़ रुपए के आसपास की सौगात मिली है। विधायक ने भूमि पूजन किया। सुंदरीकरण के लिए एक शांत, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण तैयार होगा। साथ-साथ आधुनिक विद्युत व्यवस्थापथ एवं बैठने के लिए बेंचछायादार पेड़-पौधे और स्वच्छ शौचालय निर्माण किया जा सकता है।

वैदिक मंत्रों के लिए भवन और 24ग्7 सुलभ सुविधाएँ भी सुंदरीकरण का अहम हिस्सा हैं अब देखना यह है कि किन-किन बिंदुओं पर परिषद की मोहर लगती है। वही खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा की कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश टाक ने मेरे से अभी-अभी कहां है कि जो कार्य नगर परिषद में




मुन्ना बाबू रामपुरिया के कार्यकाल में हुआ था उससे अधिक कार्य अब अध्यक्ष देव बाई खटीक के कार्यकाल में हो रहा है। वहीं दांगी ने कहा की कांग्रेस और भाजपा सिर्फ चुनाव के समय करना चाहिए उसके बाद तो विकास की बात होनी चाहिए और हर तरफ विकास की गंगा बहनी चाहिए। क्योंकि हम जनप्रतिनिधियों को मिलजुलकर नगर व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्णता रखनी चाहिए मुक्तिधाम विकास कार्य के भूमि पूजन के इस मौके पर नपा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नपा सीएमओ हरिओम शर्मा श्रीराम नागर शिवा इंग्ले तथा पार्षद प्रतिनिधि नीरज सेठिया पार्षद दुर्गा प्रसाद वर्मा बंटी भामी कैलाश पाटीदार अमित झंझावात मोतीलाल शर्मा भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता नगर के गणमान्य नागरिक तथा पत्रकार साथी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।